जब से शरण तेरी आई

ओ खाटू वाले जब से शरण तेरी आई,
हारे के साथी तूने लाज बचाई.....

तू तो श्याम है बड़ा दिलवाला,
अपने भक्तो का तू रखवाला,
चिंता सारी मिटाई,
औ खाटू वाले जब से शरण तेरी आई,
हारे के साथी तूने लाज बचाई......

दुनिया ने मुझको ठुकराया,
लेकिन तूने साथ निभाया,
तूने प्रीत निभाई,
औ खाटू वाले जब से शरण तेरी आई,
हारे के साथी तूने लाज बचाई.....

तेरा मेरा साथ ना छूटे,
टोनी से तू ना कभी रूठे,
चरणों में अर्ज लगाई,
औ खाटू वाले जब से शरण तेरी आई,
हारे के साथी तूने लाज बचाई....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27092/title/jab-se-sharan-teri-aayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |